सार-समाचार

कुलपति सारंगदेवोत का अभिनंदन

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत के विदेश यात्रा से लौटने पर संस्कृतभारती उदयपुर ने उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर संस्कृत भारती के विभाग सहसंयोजक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि विश्व की द्वितीय रैंक प्राप्त कैंब्रिज विश्वविद्यालय में आयोजित 8 से 11 अगस्त ग्लोबल रिसर्च कॉन्फ्रेंस में जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होने सतत विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी को आकर्षित किया तथा कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत की सांस्कृतिक धरोहर की ओर संपूर्ण विश्व का ध्यान केंद्रित है।इस अवसर पर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने प्रो सारंगदेवोत को गौरवशाली यात्रा से पुनः स्वदेश लौटने एवं भारतीय संस्कृति व राष्ट की धरोहर को कैंब्रिज विवि के माध्यम से संपूर्ण विश्व में स्थापित करने पर एक गौरवशाली राष्ट्र पुरुष को शुभकामना देते हुए कहा कि मेवाड की धरा के एक महान शिक्षाविद ने भारतीय संस्कृति धरोहर को विश्व के उच्च प्रतिष्ठान में प्रसारित कर मेवाड के साथ साथ संपूर्ण भारत देश का गौरव बढाया है उनकी इस यात्रा और प्रतिष्ठित संस्थान में उद्बोधन से मैं स्वयं अपने आप में गौरवान्वित हूं। इस दौरान ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संस्कृत भारती के नरेंद्र शर्मा, मंगल जैन, दुष्यंत नागदा, डॉ चंद्रेश छतलानी, डॉ यज्ञ आमेटा, विकास डांगी, हेमंत साहु, हिमांशु भट्ट आदि उपस्थित रहे।

संदल पेश करने की रस्म अदा

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 83वें तीन रोजा उर्स मे संदल पेश करने की रस्म अदा। बुधवार को होगी कुल की फातिहा। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर के उर्स मे देश के कौने-कौने से जायरीन की आवक हो रही है। जब मेहमानाने दीवान पिया को 70 फिट उंचा बुलन्द दरवाजा दूर से जगमगाता हुआ दिखाई देता है तो दिल को सुकून मयस्सर होता है, बुलन्द दरवाजा मे दाखिल होते ही इस साल बनाये गये डोम पर नज़र पडती है तो मुंह से यही निकलता है, ''एक करामत और ये देखी वाह रे वाह दीवाना'' आँखो की ठण्डक बढ जाती है, हर तरफ दीवाना-दीवाना की सदाऐ, आशिके दीवाना की लंगरखाने एवं दर्शन हेतु लम्बी-लम्बी कतारे, धूणा मे मस्त मलंग, औलिया मस्जिद मे इबादतो रियाजत मे मशकूल दीवाने, आयशा मस्जिद मे इबादत मे मसरूफ मस्तुरात, मैला ठाउण्ड मे खरीदारो की भीड तो झूला-चकरी, डोलर व खिलोने की दूकानो पर बच्चो के साथ बडो का हुजूम, खुशबू से महकता हुवा आस्ताना ए आलिया मे हर शख्स अदब से चादर, इत्र, फूल पेश कर रो-रो कर अपना दुखडा बाबा को सुनाता हुआ और यह दिल मे है कि मैं इन्हे नही देख रहा हूँ मगर यह तो मुझे देख रहे है। यह बाबा हुजूर के 83वें उर्स का हसीन मंजर। बुधवार प्रातः 5:30 बजे देग का खाना वितरित होगा। कुल की महफिल 8 बजे शुरू होगी जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न होगे व गुरूवार को मुख्य मज़ार के पट आम जायरीन के दर्शन हेतु खोले जायेंगे।

एटीएस अधिकारी बन कर की मारपीट

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने एटीएस अधिकारी बन कर पुलिस लाईन में तैनात कांस्टेबल व साथियों द्वारा पीडित के साथ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित असद बैग मिर्जा पुत्र बाईद बैग मिर्जा निवासी सलूम्बर हाल मेनारिया गेस्ट हाउस के पास हिरणमगरी ने पुलिस लाईन के कांस्टेबल राजेन्द्रसिंह, साथी नरेन्द्रसिंह तथा महिला अनिता टांक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं इवेंट का काम करता हूं व आरोपियों के नजदीक रहता हूं। 9 अगस्त रात में वॉकी टॉकी पर बातचीत करने के दौरान आरोपियों ने मुझे बुला कर स्वयं को एटीएस अधिकारी बताते हुए पूछताछ की तथा मारपीट की। विरोध कर चिल्लाने पर भाग गए। हिरणमगरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

10 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत

कपासन, (निसं)। कपासन नगरपालिका मण्डल की साधारण सभा की बैठक में सोमवार को 10 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत किए गए। बैठक अम्बेडकर भवन में एमएलए अर्जुन लाल जीनगर की उपस्थिति और नगरपालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक दोपहर 4:15 बजे शुरू हुई। ईओ भानुप्रताप सिंह के अनुसार, बैठक में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

गायरी बने ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री

मावली, (निसं)। क्षेत्र के गायरियावास मावली निवासी हीरालाल गायरी को ओबीसी मोर्चा भाजपा जिला मंत्री बनाया गया। भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान की अनुशंसा पर ओबीसी मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम चंद लोहार नै गायरीयावास मावली निवासी हीरालाल गायरी को ओबीसी भाजपा मोर्चा का जिला मंत्री बनाया गया।

कांग्रेसियों ने बिजली के बढ़ते दामों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

डूंगरपुर, (निसं) कांग्रेस पार्टी ने बिजली के दामों में बढ़ोतरी,बिगडती कानून व्यवस्था और सरकार की जन-विरोधी नीतियों के विरोध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर विधायक गणेश घोघरा के नेतृत्व में धरना देकर प्रदर्शन किया। डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। वहीं, कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इसके बाद कांग्रेसियों ने बिजली के दामों में बढोतरी, बिगडती कानून व्यवस्था और सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में धरना दिया। वहीं, राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विधायक गणेश घोघरा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते

- **निर्बाध बिजली की आपूर्ति, बिजली बिलों में फिक्स्ड चार्ज की दरों को कम करने की मांग**

हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद सरकार मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में विफल साबित हो रही है। लोगों के सामने बिजली और पानी का संकट उपलब्ध हो गया है। गांवों में 4 से 18 घंटों तक की अघोषित बिजली की कटौती की जा रही है। इसके साथ ही सरकार ने बिजली बिलों में फिक्स्ड चार्ज की दरों को बढाकर आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। वहीं,डूंगरपुर जिले में कानून व्यवस्था भी बिगडती जा रही है। रात के समय में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। रात के समय में निकलने वाले लोगों पर पथराव व लूटपाट की घटनाएं बढ रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन इन घटनाओं पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा की जब भी वे जनता के मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन करते है। सरकार के दबाव में उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाते है, लेकिन वे इससे डरने वाले नहीं हैं। पुलिस प्रशासन कितने भी मुकदमे दर्ज कर ले,लेकिन वे जनता की आवाज उठाते रहेंगे। इधर धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने कलेक्टर ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से तत्काल प्रभाव से निर्बाध बिजली की आपूर्ति, बिजली बिलों में फि क्स्ड चार्ज की दरों को कम करने की मांग की है।

बिजली के बढते दामों को लेकर कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

कार्यकारिणी का विस्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। बांसवाड़ा में भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिलाध्यक्ष प्रवीण बुनकर ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विष्णु मेघवाल गनोडा को जिला महासचिव, महेंद्र यादव आनंदपुरी को जिला कोषाध्यक्ष एवं अनिल वाल्मीकि को जिला सचिव नियुक्त किया।

शिविर स्थल का लिया जायजा

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने मंगलवार को रक्तदान शिविर स्थल पर तैयारी एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए शिविर में व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर सिंह की पहल पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैरिज हॉल में प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे महा रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील करते हुए कहां कि रक्तदान राष्ट्र की उत्तम सेवा हैं एवं इस मानवता एवं परोपकारी कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जिला कलक्टर सिंह ने शिविर स्थल पर जायजा लेने के दौरान इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चौयरमेन डॉ. दलजीत यादव, सचिव डॉ. गौरव यादव एवं जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. महेन्द्र डामोर उपस्थित रहे एवं शिविर संयोजक पदमेश गांधी प्रांतीय सदस्य ने जिला कलक्टर को शिविर संबंधित समस्त व्यवस्था एवं तैयारियों की जानकारी दी। इस मौके पर संस्था के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर पुष्पेन्द्र सिंह राठौड एवं सदस्य राजेश चौहान उपस्थित रहे।

कांग्रेस सेवादल ने निकाली भारत न्याय तिरंगा यात्रा

बांसवाड़ा, (निसं)। मेरी आन तिरंगा, मेरी शान तिरंगा, मेरा अभिमान तिरंगा जैसे घोष से शहर का चप्पा-चप्पा गूंजता नजर आया। एक तरफ प्रशासनिक कार्यक्रम तो दूसरी तरफ राजनैतिक दलों की रैलियों ने हर गली-मोहल्ले को जय हिन्द के घोष से गूंजा दिया। हर घर तिरंगा अन्तर्गत कार्यक्रमों की श्रृंखला में पांचवे दिन संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन के नेतृत्व में शहर में निकली तिरंगा यात्रा रैली में हजारों संभागियों ने तिरंगा लेकर पैदल यात्रा करते हुए देशभक्ति का संदेश दिया।

संभागिय आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने घरों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर तिरंगा फहराएं। यात्रा की शुरूआत कुशलबाग मैदान से हुई जहां से संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन के नेतृत्व में एक हजार संभागियों ने तिरंगा लिए शहर में पैदल यात्रा करते हुए देशप्रेम का संदेश दिया। रैली में जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. वीसी गर्ग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग आदि के कार्मिकों, स्कूली बच्चों, स्काउट्स गाइड्स और नागरिकों ने भाग लिया। तिरंगा पैदल यात्रा कुशलबाग मैदान से आरंभ होकर गांधी मूर्ति, चंद्रपोल गेट, पीपली चौक, पाला रोड, नई आबादी नमस्ते सर्कल, जवाहर पुल होते हुए एसबीआई के सामने से पुनरू कुशलबाग मैदान पहुंचकर सम्पन्न हुई।

जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिलाध्यक्ष साजिद नायक ने बताया कि 9 अगस्त को महात्मा गांधी के आव्रहान पर देश में भारत छोडो आंदोलन का आगाज किया गया था। इसी उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कार्यालय से गांधी मूर्ति तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा में जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र पंड्या, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक विनोद दादा पाठक, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री लता निनामा, पंचायत समिति सदस्य धीरजमल डामोर आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने शांति दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकाली।

सार-समाचार

बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर स्थित बैडमिंटन हॉल में चल रही तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं जिला न्यायाधीश मोटर दुर्घटना बीमा प्राधिकरण मुकेश त्यागी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला कलेक्टर ने अपने उदबोधन में रैकेट स्पोर्ट्स की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलों से एकाग्रता व काम करने का फोकस बढता है और सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को किसी न किसी स्पोर्ट्स से जोडने के लिए कहा जिला न्यायाधीश मुकेश त्यागी ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल अति आवश्यक है। भाजपा के बंशीलाल कटारा ने विशिष्ट अतिथि पद को सुशोभित किया। इससे पूर्व जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल पारीक ने इस प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जूनियर ग्रुप में प्रतिभागियों की संख्या बढना यह बैडमिंटन खेल के लिए सौभाग्य की बात है आने वाले समय में डूंगरपुर जिला बैडमिंटन खेल में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएगा कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हरिश पण्ड्या ने आगन्तुकों व सफल आयोजन के लिए धन्यवाद अर्पित किया संचालन वैभव पाठक ने किया।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

राजसमंद, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद व जन विकास संस्थान राजसमंद के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि आज के समय में महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी होना बेहद जरूरी है ताकि वें अपनी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा कर सकें। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के लिए मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और यदि उनके साथ कोई अन्याय होता है तो वें कानूनी सहायता के लिए प्राधिकरण से संपर्क कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता प्रणाली, स्थायी लोक अदालत, पीडित प्रतिकर व अन्य विधिक जानकारी प्रदान की। असिस्टेंट लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल ऋतु शर्मा द्वारा महिलाओं के लिए मुफ्त कानूनी सहायता, महिला हेल्पलाईन, दहेज निषेध अधिनियम 1961, यौन उत्पीडन (निवारण) प्रतिषेध और सुधार अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, पॉक्सो एक्ट, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, प्रजनन अधिकार और मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के बारे में जानकारी दी।

कल्लाजी जन्मोत्सव मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। वागड क्षेत्र की धर्म नगरी एवं पीठाधिश्वर गुरुदेव महंत गौतमदास महाराज की तपोभूमि श्री कल्लाजी शिव अन्नपूर्णा पंच धाम राजपुर में अखिल भारतीय कल्लाजी सम्प्रदाय के राष्ट्रीय महामंत्री गुरुदेव महंत गोपालदास महाराज के निर्देशन में सांकेतिक रूप से श्री कल्लाजी जन्मोत्सव मनाया गया। श्री कृष्णा कल्याण सेना संस्थापक जिग्नेश वैष्णव बताया की राजपुर धाम पर पूर्व निर्धारित श्री कल्लाजी जन्मोत्सव के आयोजित दो दिवसीय आयोजन को पारिवारिक शोक के कारण स्थगित किया गया एवं धाम पर सांकेतिक रूप में श्री कल्लाजी जन्मोत्सव मनाया गया जिसमे आचार्य हरित कुमार श्रीमाली के सानिध्य में श्री कल्याण धाम डेचा के महंत प्रवीण चौबीसा ने मुख्य गेमर बाम्बी पूजन, गुरु गादी पूजन, शक्ति पूजन एवं आरती कर सांकेतिक रूप से कल्लाजी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। धाम पर गोपी मंडल की महिलाओं ने भजन कीर्तिन किये एवं श्री कल्लाजी महाराज के दर्शन कर गुरुदेव महंत गोपालदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिविर में 32 यूनिट रक्तदान

राजसमंद, (निसं)। जिले के कुंवारिया कस्बे में महावीर इंटरनेशनल की ओर से स्व. प्रवीण पीपाडा की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्तदान हुआ। संस्थान के सचिव गौतम ओस्तवाल ने बताया कि रक्तदान में गांव के पुरुषों के अलावा चंदन वाला महिला मंडल की सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर के उद्घाटन इस दौरान कुंवारिया सरपंच ललित श्रीमाली, चिकित्सक पूजा गुर्जर, सोहनलाल पीपाडा, पारसमल ओस्तवाल, नवरतनमल पीपाडा, एमआई के रीजन 4 हेल्थ डायरेक्टर राजेंद्र पोखरना, रीजन 4 कोषाध्यक्ष विजय प्रकाश पीपाडा, संस्थान के अध्यक्ष बलवंत ओस्तवाल, ललित कच्छारा, देवेंद्र तातेड, राकेश चपलोत, यशवंत पीपाडा, अभिषेक ओस्तवाल, जितेंद्र ओसवाल सहित अन्य सदस्यों का रक्तदान में सहयोग रहा।

तिरंगा ध्वज हाथ में लेते ही गर्व होता है : दीप्ति माहेश्वरी

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भारत देश के प्रत्येक नागरिक के द्वारा देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथ में लेते ही जैसे एक अलग ही ऊर्जा शरीर में समाहित हो जाती है और अपने आप को गर्व महसूस होने लगता है।

आज यही नजारा राजसमन्द जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकालते समय विद्यालय के बच्चों के साथ एवं राजसमन्द की जनता के साथ हुआ है।

- **101 मीटर तिरंगे के साथ राजसमन्द में निकली तिरंगा यात्रा**
- **हर घर तिरंगा अभियान के तहत ली शपथ**

जैसे ही सभी ने तिरंगा ध्वज अपने हाथ में लिया सभी बच्चें व नागरिक अपने आप को गौरवान्वित महसूस करने लगे। जो सम्मान तिरंगा ध्वज के प्रति उन्होंने दिखाया वह यही दर्शाता है कि भारत देश के बच्चों व नागरिकों में देश के प्रति कितना सम्मान है। माहेश्वरी ने कहा कि मंगलवार को प्रातः 10 बजे से जिला मुख्यालय के राठसेन माता मंदिर के सामने स्कूल के बच्चें, विधानसभा से आए पदाधिकारी एवं नागरिक जुटने लगे। देखते ही देखते सैंकडो की संख्या में तिरंगा ध्वज को बडे ही सम्मान के साथ हाथ में लिए कतार में खडे हो गए। उसके बाद यात्रा को विधायक दीप्ति माहेश्वरी, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक व प्रधान अरविंदसिंह राठौड ने 101 मीटर के तिरंगा ध्वज को भारत माता की जयघोष के साथ यात्रा को रवाना किया। यात्रा राठसेन माता मंदिर पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर जलचक्की चौराहे से होते हुए नाथद्वारा रोड की ओर से 100 फीट कलेक्ट्री मार्ग से होते हुए शहीद स्मारक तक पहुंची। जहां पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई व यात्रा का समापन हुआ। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा में विद्यालय के बच्चों द्वारा 101 मीटर का तिरंगा हाथों में लिए हुए भारत माता की जयकारों व वंदेमातरम नारों के साथ आगे बढ रहे थे। इस यात्रा का सबसे आकर्षण का केंद्र 101 मीटर राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज रहा जिसको बडे ही सम्मान के साथ थामे रखा था। राष्ट्रीय ध्वज को हाथ मे लेने के बाद कडी धूप भी हौसलों के आगे नरम दिखी जैसे ही ध्वज हाथ मे आया गर्मी का असर मानो खत्म हो गया हो। पानी का उचित प्रबंध विधायक माहेश्वरी ने किया। जिला मुख्यालय स्थित बीएन कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने किया। प्राचार्या ने स्वयं सेविकाओं को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए उद्बोधित किया एवं शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुसुया उपाध्याय ने बताया कि उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड ने स्वयं सेविकाओं को तिरंगे के साथ हमारा व्यक्तिगत संबंध बताया और कहा कि हमें सभी के दिलों में देशभक्ति की भावना जाग्रत करनी चाहिए। इस अभियान को प्रारम्भ करने के पीछे हमारे प्रधानमंत्री का यही उद्देश्य है कि भारत के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना बढाई जा सके।

तिरंगा यात्रा में शहरवासियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

समीक्षा बैठक आयोजित

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में मौसमी बीमारियों की सावधानी एवं विशेष कर डेंगू और मलेरिया के बचाव हेतु घर-घर सर्वे करवाने तथा फॉगिंग करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने यह निर्देश मंगलवार को डीओईटी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए।

समीक्षा के दौरान मौसम को ध्यान में रखते हुए फॉगिंग करवाने, घर-घर सर्वे करवाने, लोगों को मौसमी बीमारियों बचाव के लिए जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू एवं मलेरिया भी प्रायः इसी मौसम में तेजी से फैलता है, इसी को ध्यान में रखते हुए मलेरिया एवं डेंगू के फैलाव को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय, बचाव के तरीके एवं उपचार के संबंध में व्यापक रूप से जन जागरूकता की जाएं। उन्होंने दवाइयां की उपलब्धता एवं आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले रोजगार मेले, बजट घोषणा में पशुपालन विभाग से संबंधित घोषणा के लिए भूमि चिन्हित करने, आकांक्षी ब्लॉक की प्रगति डाटा को समय पर अपलोड करने, संपर्क पोर्टल पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग, पीएचईडी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता का विभाग सहित समस्त विभागों की प्रगति की समीक्षा की।

पति-पत्नी ने देहदान का लिया संकल्प

अंगदान दिवस पर रेडक्रॉस की ओर से जागरुकता कार्यशाला आयोजित हुई।

हॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा अंगदान दिवस पर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय बीएससी नर्सिंग कॉलेज में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रवक्ता सुरेशचन्द्र भाट ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत कुमार बिंदल, विशिष्ट अतिथि सोसायटी मानद सचिव बृजलाल कुमावत, बीएससी नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य अशोक पुरोहित थे। जबकि अध्यक्षता सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा ने की। इस दौरान नाथद्वारा निवासी दंपति भंवरलाल कसेरा धर्म पत्नि कृष्णा देवी ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया। सीएमएचओं डॉ हेमंत बिंदल ने मौजूद नर्सिंग विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में जीते जी अंगदान एवं मरणोपरांत देहदान, जीवन का सबसे बडा पुण्य का कार्य है। जिससे समाज में पीडित रोगियों को जीवित बनाए रखा जाता है। साथ ही देहदान से मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थी परीक्षण कर चिकित्सक के रूप में तैयार होते हैं। अंगदान, देहदान से बडा कोई दान नहीं है। जिस पर सीएमएचओं डॉ हेमन्त कुमार बिंदल व सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा ने दंपति का उपरना ओढाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए सोसायटी मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने अंगदान जागरूकता विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा ने बताया कि अंगदान को लेकर सोसायटी प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल के निर्देशानुसार रेडक्रॉस राज्य शाखा एवं जिला शाखा ने अंगदान एवं देहदान के प्रति आम जन में जागृति लाने के लिए एवं अंगदान देहदान को बढाने के लिए कार्यक्रम हाथ में लिया है।